प्रेसनोट, दिनांक 24.09.2025
थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव ।

## थाना कोतवाली सदर के ग्राम सरोसी में हुई हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस, स्वाट एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा लड़की की हत्या करने वाले अभियुक्त को कब्जे से आलाकत्ल एक अदद बांका व एक लोहे के पाइप का टुकड़ा बरामद कर गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 21.09.2025 को थाना कोतवाली सदर पुलिस को सूचना मिली कि थाना कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत ग्राम सरोसी में 14 वर्षीय युवती का शव उसी के घर के अंदर वाले कमरे में पड़ा मिला था। जिसके संदर्भ में मृतका के पिता द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 836/25 धारा 103(1)/61(2) बनाम 1.संजय गौतम पुत्र छेदीलाल व 2.शिवम पुत्र अज्ञात निवासीगण सरोसी थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान मृतका के पड़ोसी धोनी उर्फ राजकिशोर पुत्र पप्पू गौतम उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम सरोसी थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव के द्वारा हत्या की घटना किया जाना प्रकाश में आया जिसको दिनांक 23.09.2025 को थाना कोतवाली सदर पुलिस, स्वाट एवं सर्विलांस टीम द्वारा बाबूखेड़ा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया जिसकी निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल एक अदद बांका व एक लोहे के पाइप का टुकड़ा बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा युवती की हत्या की घटना कारित करने का जुर्म स्वीकार किया गया। घटना का कारण पूछने पर अभियक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 21.09.2025 की शाम को मृतका का पिता घर पर नही था, मेरी मृतका से जान पहचान थी एवं उसको बहुत पसंद करता था जिस कारण उससे नजदीकी बढ़ाने हेतु मौका पाकर उसके घर चला गया किंतु उसके विरोध करने पर भी उससे मैने नजदीकी बनाई बाद में उसने मेरे खिलाफ घर वालों को बताने एवं कार्यवाही कराने की बात बार-बार कही, इसी डर के कारण मैने उसकी हत्या कर दी। थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## नाम पता अभियुक्त-

1. धोनी उर्फ राजकिशोर पुत्र पप्पू गौतम उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम सरोसी थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव

## बरामदगी का विवरण –

आला कत्ल एक अदद बांका व एक लोहे के पाइप का टुकड़ा

## गिरफ्तार करने वाली थाना कोतवाली सदर पुलिस टीम-

प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुशवाहा थाना कोतवाली सदर
निरीक्षक अपराध श्री राजेश कुमार
व0उ0नि0 श्री अंजनी सिंह
उ0नि0 श्री रामानन्द पटेल
का0 सोनू
का0 दीपक गिरी
का0 कृष्ण गोपाल

## स्वाट टीम-

स्वाट प्रभारी निरीक्षक श्री जय प्रकाश यादव
उ0नि0 श्री ज्ञान सिंह
हे0का0 आशीष मिश्रा
का0 विकाश भदौरिया
का0 रवी
का0 नितीश
का0 गौरव
का0 शुभम
का0 हरेश




## सर्विलांस टीम-

उ0नि0 श्री विनोद सिंह
का0 शुभम तोमर
का0 अरुण कुमार
का0 विवेक